MR. SPEAKER: You have two minutes more. That is what I can give.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Let him continue next time.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): Let him complete today. Why should he continue next time.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Let us be quite clear how long we are going to sit. There is this motion.

MR. SPEAKER: There is one minute. You can conclude.

SHRI G. M. BANATWALLA: When such was the condition in Assam, we were told about it in the House. The agreement was laid on the Table of the House and solemn assurances were given. Based on those assurances, many of our brothers and sisters returned. They are sought to be uprooted again. An Urdu poet says in a couplet:

क्या इसलिए तकदीर ने चुनवाये थे तिनके
बन जाये नशेमन तो कोई आग लगा दे ।

[کیا اس لئے تقدیر نے چنوائے تھے تنکے
بن جائے نشیمن تو کوئی آگ لگا دے-]

Now, the solemn assurances given to the people have to be kept, carried out and later on also, there was Indira-Mujib Agreement of 1971....

MR. SPEAKER: Please conclude now.

SHRI G. M. BANATWALLA: Shall I continue next time? I have still to come to the operative part of the amendment that I have moved.

MR. SPEAKER: The time is over. I have to take up the discussion under Rule 193.

SHRI G. M. BANATWALLA: I will take just a few minutes next time and conclude.

MR. SPEAKER: Yes.

---

18.11 hrs.

## DISCUSSION RE: ALLEGED MOLESTATION OF A WOMAN AT BAGHPAT ON 18TH JUNE, 1980

MR. SPEAKER: Before I call upon Prof. Madhu Dandavate o raise the discussion under Rule 193 on the statement made by the Minister of Home Affairs regarding the alleged molestation of a woman on 18th June, 1980 at Baghpat I would like to point out that the UP Government have since ordered an enquiry into the Baghpat incident. It is a well-established rule of parliamentary practice and procedure that discussion on a matter which is *sub-judice* is out of order.

The question of holding a discussion was discussed at a meeting I held with the Leaders of the Parties and Groups in the House and the Minister of Home Affairs on 2 July 1980 and it was decided that the discussion on the Home Minister's statement regarding the Baghpat incident may be allowed to be held on 4 July, 1980. Accordingly the discussion is now to take place, but I would request the Members to exercise utmost self-restraint while participating in the debates so as not to prejudice or adversely affect in any way the proceedings of enquiry which has already been ordered.

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : अध्यक्ष जी, इस पर मेरा आपसे एक निवेदन है । आपने कहा है यह प्रेज्युडिस . . . (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : डिस्कशन हो रहा है, उसको मैं नहीं रोक रहा हूं ।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): Mr. Speaker, Sir, while initiating the discussion on this sensitive subject, I will definitely keep in

[Prof. Madhu Dandavate]

mind the valuable observations that you have already made in the beginning.

After the Home Minister made the statement on what he described as the alleged molestation of a woman on 18th of June 1980 at Baghpat, I propose to raise the discussion on the subject, which has not only legal but moral and human overtones. I am sure this is a subject on which all of us will agree that the Members on both the sides of the House will be committed to certain basic values of Indian culture and it is only in that context that the problem will be discussed in this House.

Only a few years back, we observed, not only in this country but in different parts of the world, the 'International Year of Women'. The values of dignity of women and the values of honour of women were the noble values on which men and women in different parts of the world laid great emphasis and stress. At various rallies and meetings held during the Internationl Year for Women, different organisations, various political parties, solemnly pledged themselves to see that these noble values in our life are respected and implemented.

But in reality what do you find? Our Home Minister visited Baghpat along with some MPs and others. It is not only he who visited Baghpat. Prior to that, a number of teams went to Baghpat to make an on-the-spot study. My hon. friend, Shri Ram Vilas Paswan and a few MPs visited the place. Then, a team of 7 women. including 2 women MPs of this House and also the former alderman of Delhi Corporation visited the spot. Then, the Home Minister along with 10 women MPs also visited Baghpat. Some journalists also tried to find out what exactly had happened and a very important aspect has not to be forgotten and that is that 6 Supreme Court advocates visited the place ..(*Interruptions*) Some members may like to laugh at Supreme Court advocates...

AN HON. MEMBER: They are of all types.

PROF. MADHU DANDAVATE: Some people might like to cast aspersons on Supreme Court and Supreme Court advocates. But I am wedded to a certain school of thought ....(*Interruptions*)

AN HON. MEMBER: We are not casting aspersions.

PROF. MADHU DANDAVATE: According to the conventions of the House, I am addressing the Home Minister through you, Sir. The Supreme Court advocates also went there and they tried to bring forward certain important conclusions after making an on-the-spot study.

Sir, the women's memorandum has already been submitted to you. In fact, I had requested you that it may be laid on the Table of the House. But then you were of the opinion that since the Home Minister had already been requested to visit Baghpat and make an on-the-spot study, he was likely to make a statement and you were kind enough to inform us that you would forward that statement and the memorandum to the Home Minister, he will study that in depth, to the extent he will be able to study in depth. he will study the situation in Baghpat and, after that, he will be able to make a statement here. He made a statement in the House and that statement is very important. In that statement, he has accepted that there is a *prima facie* case for a judicial enquiry and, therefore, he categorically announced that there will be a judicial enquiry.

Of course, the terms of reference were not mentioned. By what time the judicial enquiry will be completed has also not been mentioned in the House. How that comprehensive judicial enquiry will be has not been mentioned. But these are matters of detail and, I am sure, if this debate

proceeds in a fruitful manner, at the close of the discussion, the Home Minister will be able to satisfy the House that these are the specific terms of reference for the judicial enquiry; this is the time-bound limit within which the judicial enquiry will be completed and this will be the comprehensive nature of the enquiry which will also include the charge that Shrimati Maya Tyagi had been raped, the charge that 3 persons had been shot down and a number of allied alegations. Not only she was raped but she was stripped naked and paraded in the street... (*Interruptions*) Let us have unanimity on this at least.

I would like to quote a small passage from the written statement that was made by the Home Minister. The Home Minister in his statement made here on 2nd July, 1980, in 2nd paragraph said:

> "I have no hesitation in saying that incidents of this nature are a disgrace and a slur on the traditions and culture of this country where women have always been accorded and held in high esteem. The incident at Baghpat, therefore, deserves to be condemned unreservedly and without any hesitation at all."

That is exactly what he has said and, as a result of this, since he felt that there was a *prima facie* case, he announced at the end of the statement that a judicial enquiry will be gone into. The various teams that had gone there have already prepared their memoranda. The advocates had prepared their memorandum. Some Members of Parliament who visited along with others have made certain mentions in the House. The Women's Delegation having MPs among them also sent a memorandum. The advocates have categorically made a statement, and the women's delegation also has categorically made a statement, that Mrs. Maya Tyagi was stripped naked and was paraded through the streets of Baghpat bazaar and when one of the shopkeepers felt that here was a sister who was being paraded in the streets naked, he took out a lungi from his shop and threw it at that lady, so that not only the honour of that single woman but the honour of womanhood in this country would be protected. He threw a lungi. But what did the police do? Most of the persons who visited the spot have said that, when the lungi was thrown at that naked lady, that person, that shopkeeper, who threw the lungi, was beaten up. This is exactly what had happened. Of course, this will be investigated. In the judicial inquiry, the detailed facts will come out. When the Women's Delegation went, they made three concrete demands. These demands have also been made by the advocates. These demands have also been made by our colleagues, the MPs, who visited Baghpat. They demanded a judicial inquiry with definite terms of reference; they demanded suspension of the police officers concerned, they demanded prosecution of the SHO; they demanded that the officers guilty of the atrocities should be heavily dealt with. That is what they demanded. We are told that the transfer of officers has taken place...

AN HON. MEMBER: That news has appeared today.

PROF. MADHU DANDAVATE: That news has appeared in the press today. That was not in the statement.

Here I would like to give an analogy. The other day in this very House when, with your permission, during the Call Attention Motion the question was raised about some one who was drowned into the water reservoir near Delhi Station, the Railway Minister was kind enough to get up in the House and announce that they had already instituted an inquiry and in order that the inquiry should be impartial, Panditji, as Railway Minister, announced in this House, the persons concerned had been summarily suspended and they would remain suspended till the final findings of the inquiry were out. But here the news has appeared in the press that the concerned police officers have been transferred from Baghpat.

[Prof. Madhu Dandavate]

In order that justice should be done, in order that the judicial inquiry should be conducted in a proper way, the conventions and traditions demand that the officers concerned must be suspended. But they have not been suspended here; they have bene just transferred. This is the point which is the most important and which was raised in the various memoranda that were submitted, but unfortunately that has not been taken note of.

There is another aspect of the statement which is very unfortunate; it has nothing to do with the judicial inquiry...

MR. SPEAKER: Please try to sum up.

PROF. MADHU DANDAVATE: How can such an atrocious crime be summed up so soon.

MR. SPEAKER: The other Members also will have to take part.

PROF. MADHU DANDAVATE: I will not take much time. I hope that the Members would request you, Sir, to give me some more time because I am not raising the issue in a partisan manner. All of us are interested in the culture of the country, in the honour of the country, in the dignity of woman in the country.

Unfortunately in the statement that was made by the hon. Minister, there is another important aspect that he has touched. In paragraph (3) the hon. Minister for Home Affairs has said:—

"I would, however, appeal to all that the incident should not be used by any person or party towards any political gain as we are afraid that it has acquired some political overtones and is being taken advantage of by some elements for purposes which are not relevant at all to the main issue of protecting the honour of women."

Sir, the hon. Home Minister cast aspersions on the political parties. I would like to point out to him that the six Supreme Court advocates who visited Baghpat and the Women's Delegation that visited Baghpat have brought out a very important aspect. They have pointed out two things.

"The Home Minister went there to make an on-the-spot inquiry. At Baghpat bazaar a number of shopkeepers and various cross sections of the masses had assembled but he did not go to that spot." I will not say on my own but I would like to quote what the six Supreme Court advocates have said. Referring to the Parliamentary delegation led by the Home Minister, Mr. Zail Singh, which visited the area, the advocates have said "The local administration organised a stage-managed show for the delegation. He did not go to the Baghpat bazaar. He went to the Co-operative Sugar Factory rest house. There various people were called. There was a partisan atmosphere." That is what is says.

Actually, this is the stage-managed manner in which he tried to conduct the inquiry—of course, in an informal way. He tried to make an on-the-spot study without visiting the spot where actually the trouble had taken place. Large sections of the masses were there. Sir, in Marathi there is a drama in which there is a very interesting comment. That comment is:

"आग रामेश्वरी बंब सोमेश्वरी"

That means:

> Fire takes place at Rameswaram, and the Fire Brigade goes to Someswaram.

That exactly is the correct description—that the trouble took place at one place. Some shopkeepers were beaten because they tried to protect the honour of the lady and, on the top of it, unfortunately he did not visit the spot but he tried to visit other spots.

Those advocates also have drawn another inference. They say:—

"All sides presented their viewpoints. But the zeal to defend the Police was obviously inspired, so was the attempt to convert it into a conflict between two political parties."

That is what the advocates have said ..

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): Very uncharitable.

PROF. MADHU DANDAVATE: It might be uncharitable. I am only quoting the Supreme Court Advocates who went there and the impression they gathered... (Interruptions).

SHRI GHULAM NABI AZAD (Washim): We want the names of the Supreme Court advocates

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: वे किसी को रेफर कर सकते हैं।

Why do you disturb him?

PROF. MADHU DANDAVATE: By this time it should have been clear that I will not be cowed down in my comments. I am making my comments in a restrained way, but I am not going to be cowed down... .... (*Interruptions*) I am addressing the Home Minister through you.

In this case there is another important aspect...

SHRI EDUARDO FALEIRO (Mormugao): We want to know the names of the Advocates. Will you kindly tell us?

MR SPEAKER: What is there in the names? There is nothing. He can refer to anybody.

PROF. MADHU DANDAVATE: It is only the Speaker who can direct me and I will obey your direction. I accept only one the authority in this House, that is the authority of the Speaker. If you give me the direction, I will give the names.

MR. SPEAKER: What is there in the names. He can refer to anybody.

PROF. MADHU DANDAVATE: When the matter was brought here, I wish to bring to your notice that unfortunately even before an on-the spot study was made by the Home Minister, one hon. Member said here and what he said was quoted by another hon. Member. It was said here in this very House that Mrs. Maya Tyagi, the lady who was stripped naked and raped by the Police, was herself a dacoit. That is what was said. Sir, if you go through the debate—these are the official Lok Sabha debates—on page No. 8575, some interruptions are there. But, Mr. Eduardo Faleiro said:—

'Mr. Chairman, Sir, a very serious allegation is being made by an hon. Member that the lady in question is a dacoit.' (*Interruptions*)

SHRI MOOL CHAND DAGA (Pali): Mr. Speaker, Sir, under Rule 194 if one hour is consumed by him, then what happens to other speakers?

After all, that speech should not be repeated because the rule is very clear here. Under Rule 194 within one hour the whole thing should be completed. If he consumes half an hour, what will happen to the other speakers? (*Interruptions*) You will kindly read Rule 194, Sir. (*Interruptions*)

PROF. MADHU DANDAVATE: Mr. Speaker Sir, I want to bring to your kind notice the fact that I met you in your chamber and said that under 193 adequate time is not there. You yourself said that you may extend that.

MR. SPEAKER: I am giving you the time. You go ahead.

PROF. MADHU DANDAVATE: This was that Shri Faleiro has said:

'Mr. Chairman, Sir, a very serious allegation is being made hereby an hon. Member that the lady in question is a dacoit.'

On that another hon. Member. Shri Indrajit Gupta said:

'If she is a dacoit, should she be raped'?

SHRI EDUARDO FALEIRO: What is he doing? Why should he quote that the lady is a dacoit.? (*Interruption*)

MR. SPEAKER: Mr. Faleiro, it is time consuming. This is not the way. Why should anybody be interrupted?

PROF. MADHU DANDAVATE: I would like to ask one question. I am telling what has been said in the debate.

MR. SPEAKER: Go ahead.

PROF. MADHU DANDAVATE: I would like to ask the Home Minister one simple question. If it is to be established what type of the lady Mrs. Maya Tyagi, is, I would like to ask one question. If some lady had been sentenced to life imprisonment on the charge of murder and had been sent to prison, will the Superintendent of Jails be authorised to rape that women inside the jail? That is the question I ask.

MR. SPEAKER: That has not been implied. The Home Minister has categorically said it. This should not be implied; he did not imply that.

PROF. MADHU DANDAVATE: I am not referring to him. (*Interruptions*) I am only saying that it is..... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No interruption please. Let him have his own time and you will have your own time. You should all conduct yourselves as hon. Members of this House. I shall give an opportunity and you can have your own viewpoint.

PROF. MADHU DANDAVATE: I made a reference to what happened in the House. It has already appeared in the newspapers and some people had been making an allegation that the lady happened to be a dacoit. But my position is that if she happens to be a dacoit, even then, no lady in this country could be raped by a police officer. That is the point I would like to make. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He has freedom to say that. The enquiry will reveal that. You conclude now.

PROF. MADHU DANDAVATE: I won't take much time. I am quoting.

MR. SPEAKER: You are not the only speaker.

PROF. MADHU DANDAVATE: You are the Speaker. I am not the Speaker.

MR. SPEAKER: Not in that sense.

PROF. MADHU DANDAVATE: Sir, in the end. I would like to tell you that we protest against the atrocities that had taken place at Baghpat and elsewhere...

Today a number of women's organisations irrespective of their political affiliations—I repeat irrespective of their political affiliations—have organised a dharna outside the Parliament—of course, beyond the limits of Section 144. They have organised a dharna to draw the attention of the Parliament. Outside Parliament House and within the permissible limits hundreds of women have gathered and they represent organisations with varied political affiliations and no political affiliations. They are:—

(I) Mahila Dakshata Samiti

(II) National Federation of Indian Women

(III) Janwadi Mahila Samiti

(IV) Action India

(V) Stree Sangarsh

(VI) Manushi

(VII) Peoples Union for Civil Liberties and Democratic Rights (Delhi State)

(VIII) Delhi Council of Child Welfare

While concluding I shall say only one thing. Unfortunately, when this atrocity took place many of us were in the Parliament House. Sir, I consider it to be my misfortune. When this atrocity took place and when the lady was stripped naked, I would have preferred to remain there on the spot at Bhagpat to defend the honour of the lady and if need be die in the defence of the honour of the lady rather than initiating the discussion in the House. With that I conclude.

**श्रीमती कृष्णा साही** (बेगूसराय) : देश के अनेक भागों से पुलिस द्वारा जो महिलाओं के साथ बलात्कार के समाचार आ रहे हैं, इससे सभी सहमत होंगे कि इस तरह के कुकृत्य करने वाले पुलिस कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिये । बागपत में जो दुर्घटना हुई है उसकी पुनरावृत्ति न हो यह सभी माननीय सदन के लोग चाहेंगे और देश भी हमारा यही चाहता है । लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जो अप्रिय घटना घटी है इसको सनसनीखेज रूप दिया जा रहा है और राजनीतिक चश्मे से इसको देखा और इसका प्रचार किया जा रहा है ।

मैं प्रमाण नहीं देना चाहती हूं लेकिन कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहती हूं । गृह मंत्री जी के साथ हम सभी पार्टी की इस सदन की महिलायें 1 जुलाई को बागपत गई थीं । वहां हमारा प्रतिनिधि मंडल गैस्ट हाउस में गया । वहां जा कर हम ने देखा कि काफी लोग इकट्ठे थे । हमारे माननीय सदस्य मधु दण्डवते जी ने कहा कि गृह मंत्री और हम लोग स्पाट पर नहीं गए और मैनेज करके लोगों को बुलाया गया, वहां लोगों को लाया गया । यह बात सही है कि वहां लोग आए थे लेकिन वे गृह मंत्री द्वारा लाए नहीं गए थे बल्कि विरोध दलों के द्वारा लाये गये थे । मैं अदब से पूछना चाहती हूं कि श्री राज नारायण जो वहां थे, उनको क्या हमारे गृह मंत्री जी ने निमंत्रण दे कर बुलाया था ? वह अपने दल बल के साथ वहां उपस्थित थे । बागपत से जिन्होंने विधान सभा के लिए अभी हाल में चुनाव लड़े थे वह भी वहां मौजूद थे और दल बल के साथ थे । जब हम लोग वहां पहुंचे तो बाहर जोरों से नारे लगाए गए । लोग ट्रैक्टरों में, ट्रालियों में चढ़ कर वहां लाए गए । हम लोग इस उद्देश्य से वहां गए थे कि जो वस्तु स्थिति है उसकी हम जानकारी प्राप्त करें, ताकि जिन लोगों ने ऐसा अन्याय किया है, जिन लोगों ने गलत काम किया है, उनको सजा दी जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए । वह दी भी जाएगी । लेकिन वहां पहुंचने पर जो वातावरण था वह हमें ऐसा लगा कि जो हमारे विरोधी दल के लोग हैं, जो राजनीतिक लाभ के लिए, पोलिटिकल गेन के लिए वहां गए थे वे नहीं चाहते थे कि सही इनक्वायरी हो और वहां पर माहौल को बहुत ही तनावपूर्ण बना दिया गया वातावरण में तनाव, लोग उत्तेजित । और विरोधी दल के लोगों ने, जिन्होंने सच्चाई को गलत ढंग से कहना शुरू किया, उत्तेजित भाषा उनकी थी और बड़ी तनावपूर्ण स्थिति पैदा की व उन लोगों ने वहां कहना शुरू किया तो ऐसा लगा कि जैसे वह सच्ची बात नहीं कह रहे हैं, बल्कि पोलिटिकल स्पीचेज देने लगे ।

जब मैंने उनसे कहा कि आप इन्सीडेंट के बारे में बतायें कि घटना क्या घटी ? आप घटनास्थल पर थे कि नहीं ? उन्होंने कहा कि नहीं, मैं बाद में पहुंचा था ।

मैं और जो हमारी बहिनें गई थीं साथ में, हमारे उस पक्ष की भी सदस्याएं थीं, सब ने इच्छा जाहिर की कि माया त्यागी से हम मिलना चाहते हैं । कहा गया कि माया त्यागी यहां नहीं है, गांव में है । हमने कहा कि हम लोग गांव में जाकर उनसे मिलेंगे, वहां जाकर उनसे बातें सुनेंगे, तब कहा गया कि उनको दिल्ली ले जाया गया है । मैं भी मिलना चाहती थी और हमारे और भी साथी मिलना चाहते थे । लेकिन अभी दो दिन पहले जब हमने अपनी इच्छा व्यक्त की तो मुझे मालूम हुआ कि वह जनता

[श्रीमती कृष्णा साही]

पार्टी के कार्यालय में हैं । हमने कहा कि उनको वहां यदि लाया जाए तो हम सारी महिलाएं उनसे बात कर सकते हैं । यदि इसको राजनीतिक रंग नहीं दिया जा रहा है तो वह जनता पार्टी के दफ्तर में क्यों हैं ? उनको हम लोगों से भी मिलना चाहिए, हम लोग भी उनके दुःखदर्द को सुन सकते हैं, लेकिन मैं आपको कहना चाहती हूं कि लोकदल के श्री जगतसिंह ने भी लम्बा-चौड़ा वहां पर भाषण दिया और जब मैंने उनसे पूछा कि क्या आप घटनास्थल पर थे, तो उन्होंने साफ इन्कार किया और कहा कि मैं वहां पर नहीं था ।

एक अपने को जो जसवीर सिंह हैं, या जगवीर सिंह हैं, कहते थे कि मैं माया त्यागी का वकील हूं । मैं उनको माया त्यागी का वकील नहीं मानती हूं, लेकिन उन्होंने ऐसा कहा । उन्होंने भी ऐसी तकरीर की, ऐसा लग रहा था कि जैसे उन्होंने सब कुछ अपनी आंखों से देखा है । जब 15 मिनट तक वह बोलते रहे और होहल्ला होता रहा तो मैंने उनसे कहा कि क्या आप वहां उपस्थित थे ? उन्होंने कहा कि नहीं, मैं बस-स्टैंड पर था और वहां पर लोगों ने कहा कि एक महिला को मारा पीटा गया है जो डकैत जैसी है जिसके साथ ऐसी घटना घटी है और 3 पुरुषों को जान से मार दिया गया । वह खुद वहां पर नहीं थे लेकिन उन्होंने इस तरह की बात की ।

एक विजेन्द्र सिंह और दूसरे जो उनके साथी थे, वह जय प्रकाश तोमर थे, जब मैंने उन लोगों से कहा कि क्या बात थी, आप बताइये और मैंने कहा कि क्या ऐसा सम्भव है कि जहां आप बता रहे हैं कि 3, 4 हजार की भीड़ थी और वहां एक महिला को निर्वस्त्र कर लिया जाये, क्या वहां पुलिस नहीं थी? उन्होंने कहा कि पुलिस थी, 2, 3 पुलिस वाले थे और 2 अफसर थे । मैंने कहा कि क्या भारतवासियों का खून इतना ठण्डा हो गया है कि 3, 4 हजार लोग वहां इकट्ठे हैं और एक महिला को निर्वस्त्र कर वहां से ले जाया जाये, और वह मूक-द्रष्टा होकर देख रहे हैं, क्यों नहीं उन्होंने पुलिस को ऐसा काम करने से रोका ? उनके पास इन बातों का समुचित उत्तर नहीं था।

एक हास्यास्पद बात यह हुई, जो हमारे साथ हमारी बहिनें थीं, संसद सदस्यायें, उनके सामने भी एक दो महिलाएं आई हुई थीं और उनमें से एक पूर्णिमा रस्तोगी थीं। उन्होंने सब के सामने ब्यान दिया कि हम वकील हैं । मैंने और हमारी सहेलियों ने पूछा कि आप कब से वकालत करती हैं ? उन्होंने कहा कि एक साल से वकालत करती हूं और वह भी इतना लम्बा चौड़ा भाषण देने लगीं, लेकिन ऐसा लगा कि वह बीच-बीच में कुछ-कुछ भूल जाती थीं और उनको प्राम्पट किया जा रहा था । हमने विचार किया कि यह महिला हैं, क्यों नहीं हम इनको अलग कमरे में ले जायें । उसी कमरे में हमारी महिला सदस्याएं भी थी, हम भी वहां थे और साथ में और जो वहां से 4, 5 औरतें आई थीं, हम सब बैठे हुए थे । मैंने उनसे कहा कि आप सच्ची बात बताइये, आप क्या करती हैं ? उन्होंने कहा कि मैं एल.एल.बी. की फाइनल ईअर की स्टूडेंट हूं मेरठ यूनिवर्सिटी की । हमने कहा कि वहां पर क्या वकालत करती हैं ? उन्होंने कहा कि एल.एल.बी. की फाइनल ईअर की स्टूडेंट हूं और मेरे पति वकालत करते हैं । मैंने उनसे कहा कि यदि पति वकालत करते हैं तो आप तो वकील नहीं हैं, तो उन्होंने कहा कि नहीं, मैं उनके साथ प्रैक्टिस करती हूं । मैंने कहा कि यदि कोई डाक्टर है और उनकी पत्नी अगर डाक्टर नहीं है तो वह तो नहीं कह सकती है कि मैं सब का इलाज करूंगी, वह तो प्रैक्टिस नहीं कर सकती है । (व्यवधान)

आप भी हमारे साथ थीं अब यहां न बोलिये तो बात दूसरी है । श्रीमती गीता मुखर्जी भी साथ थीं और श्रीमती कनक मुखर्जी भी साथ थीं, अब यहां न बोलें तो दूसरी बात है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि जब मैंने उनसे कहा कि यहां ऐसा नहीं हो सकता है, आप ने इस तरह की गलत बात क्यों की, तो उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा कहा गया कहने के लिये । आप ही बताइये, वहां पर जो और भी महिलाएं थीं, मैंने सब के नाम लिखे हैं, मेरे पास सब के सबूत हैं, जो महिलाएं आई थीं । उन लोगों ने कहा कि हमने लड़की को निर्वस्त्र नहीं देखा। दोनों पक्षों की बातें सामने आई । कुछ

लोगों ने कहा कि वह निर्वस्त्र थी, कुछ लोगों ने कहा कि नहीं, ऐसी बात नहीं थी।

एक बात यह भी थी कि जो घटनास्थल के द्रष्टा थे, उन्हें बोलने नहीं दिया गया। जो दो चार लोग वहां आये थे और सही बात कहना चाहते थे, उनके बारे में कहा गया कि वे कांग्रेस (आई) के दलाल हैं और उन्हें बात करने से रोक दिया गया।

अभी श्री मधु दण्डवते ने हमारे देश की परम्पराओं की बात कही है। यह सही है कि हमारा देश परम्पराओं का देश है। हमारी सांस्कृतिक परम्परा है कि जिस घर में महिलायें होती हैं, उनकी पूजा होती है। हमारे यहां कहा जाता है कि जहां महिलाओं की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। लेकिन समाज में कुछ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त होते हैं, जिसके कारण वे ऐसे जघन्य कुकृत्य करते हैं। इस में केवल प्रशासन का दोष नहीं है। हमारे समाज में कुछ लोग महिलाओं को ऐसी नजर से देखते आये हैं, जिसके कारण ऐसी घटनायें होती हैं।

मैंने जब उन महिलाओं को समझाया, तो उन्होंने कहा कि हम लोगों पर बहुत दबाव डाला गया है, हम लोग स्वयं नहीं आई हैं। जैसा कि मैंने अभी कहा है, वहां पर लोगों को ट्रैक्टरों और ट्रेलरों पर लाया गया था। माननीय सदस्य ने सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की बात कही है, जो दिल्ली से वहां गये। सब लोगों को इस बात की जानकारी थी कि गृह मंत्री वहां जा रहे हैं। कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जिसे यह बात पता न हो। लेकिन फिर भी माया त्यागी को वहां नहीं रखा गया। मैं उन्हीं से पूछना चाहती हूं कि क्यों नहीं रखा गया।

मैं समझती हूं कि जो लोग अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए ऐसी घटनाओं को राजनैतिक रंग देना चाहते हैं, वे पीड़ित महिलाओं के प्रति न्याय नहीं करते हैं, बल्कि अपने राजनैतिक स्वार्थ पर उनकी बलि चढ़ाते हैं। जब नारायणपुर में ऐसी घटना घटी थी, तो माननीय सदस्य, श्री जार्ज फर्नान्डीस, ने कहा था कि यह तो इन्दिरा गांधी का स्टंट है। मैं पूछना चाहती हूं कि यह तो जो बागपत का कांड हुआ है, क्या यह भी उनका और उनके साथियों का राजनैतिक स्टन्ट है। मुझे यह कहते हुए शर्म आती है कि महिलाओं के साथ अत्याचार की घटना बेलछी में हुई, दिल्ली में ओखला के नजदीक हुई, वहां पर गीता-कांड हुआ, सहरसा और भोजपुर में हुई, नारायणपुर में हुई, जहां सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार किये गये। बागपत की घटना उसी की एक कड़ी है। (व्यवधान) हमारी सरकार ने विरोधी दल की सदस्याओं को भी नारायणपुर जाने के लिए मनोनीत किया था। जब हम लोग वहां गये, तो उन्हें भी निमंत्रण दिया, लेकिन वे नहीं आईं। जब हम ट्रेन में थे, तो हम इस प्रतीक्षा में थे कि सही वस्तु-स्थिति का ज्ञान करने के लिए वे आयेंगी, लेकिन वे नहीं आईं। क्या उस समय उनकी आंखों पर पर्दा पड़ गया था? क्या उन्हें उस वक्त इन बातों का एहसास नहीं था? आज माया त्यागी को ले कर जो इतना शोर हो रहा है, वह राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से हो रहा है।

मैं यह नहीं कहती कि यह घटना हुई ही नहीं है। लेकिन सही स्थिति की जानकारी तभी हो सकती थी, जबकि इस घटना पर राजनैतिक आवरण न डाला जाता। जब इस पर राजनैतिक आवरण डाल दिया गया है, तो ऐसी परिस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी नहीं होगी। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वे लोग नहीं चाहते कि सही ढंग से न्यायिक जांच हो। वे तो राजनैतिक गेन के लिए बवंडर खड़ा करना चाहते हैं। सभी लोग यह मानते हैं कि ये [illegible]। अगर हम इस घटना को इस दृष्टि से देखें कि एक महिला के प्रति अन्याय हुआ है, तो मैं समझती हूं कि हम महिलाओं की प्रतिष्ठा को रक्षा के लिए कुछ कर सकेंगे। इस तरह के प्रचार और भाषणों के द्वारा ऐसी घटनाओं का निराकरण नहीं हो सकता है।

मैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को बधाई देती हूं और धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने न्यायिक जांच के लिए आदेश दिया है। हमारी प्रधान मंत्री ने राज्य सभा में कहा है, एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने आश्वासन दिया है और कहा है कि ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ जो इस तरह का अन्याय करते हैं, जो इस तरह के दुराचारी पुलिस-कर्मी हैं

[श्रीमती कृष्णा साही]

उन के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी । तो इस बात में हम लोग किसी से पीछे कहां हैं कि सही स्थिति को न जाना जाये ? प्रधान मंत्री स्वयं इस के लिए परेशान हैं और चिन्तित हैं, घोर चिन्ता उन्होंने व्यक्त की है ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सदन से निवेदन करना चाहती हूं कि ऐसी जो दुर्घटनाएं होती हैं उन को राजनैतिक रंग न दें । इस तरह से वे समाज का कल्याण नहीं कर सकते हैं । मैं अपनी महिला सदस्याओं से भी निवेदन करना चाहती हूं कि उन्होंने वस्तु-स्थिति को देखा है, समझा है, ऐसी स्थिति में जो बात आएगी इस तरह का राजनैतिक रंग देने के बाद, उस से आप वस्तुस्थिति को जान ही नहीं पाएगी । इस तरह से आप ने अपने पक्ष को और भी कमजोर किया है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप लोगों से आग्रह करना चाहती हूं कि वस्तुस्थिति को देखिए, इस का निराकरण समाज का दृष्टिकोण बदलने से होगा। विधि आयोग की अनुशंसा इस सम्बन्ध में आई है, मैं अपने विधि मंत्री और गृह मंत्री से निवेदन करूंगी कि उस को हम लोग शीघ्र से शीघ्र अपनाएं और उस को लागू किया जाये।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): अध्यक्ष महोदय, हम लोग जिस विषय पर बहस कर रहे हैं व बहुत ही गंभीर विषय है और दोनों पक्ष के लोग यह कह रहे हैं कि इसको राजनैतिक कलर न दिया जाए। मैं एक बात पूछना चाहता हूं कि राजनैतिक कलर इसको कौन दे रहा है? आप पढ़िए 23 तारीख के अखबार को। हम लोग 25 तारीख को बागपत गए थे। आप पढ़िए 23 तारीख के अखबार को जिस दिन संजय गांधी के बारे में दुखद समाचार आया था, उस दिन स्पेशल बुलेटिन निकला था कि कांग्रेस आई के एक एम एल ए, त्यागी ने जूडिशियल एन्क्वायरी की मांग की है। उन्होंने कहा था कि यह बहुत शर्मनाक घटना घटी है। इसके बाद तमाम पोलिटिकल पार्टीज के लोगों ने मांग की। पता नहीं त्यागी की क्या दुर्गति होगी पार्टी के अंदर। तो मैं कहता हूं कि राजनैतिक कलर कहीं नहीं था। हम लोग तब गए थे जब तमाम पोलिटिकल पार्टीज के लोगों का रिएक्शन निकलना शुरू हुआ। तब हम लोग यहां से बागपत गए। मैं गृह मंत्री से भी मिला था जिस दिन वह जा रहे थे और उन्होंने स्वयं हम लोगों से कहा कि जिस ढ़ंग से उस लड़की के साथ व्यवहार किया गया, मैंने उस लड़की को देखा है, हमारे नजदीक में वह लड़की आई है तो देखने से, बोलने चालने से, मैं निश्चित दावे से कह सकता हूं कि वह अच्छी लड़की है, भली लड़की है । यह गृह मंत्री ने कहा हम ने जब रेप के मामले में कहा तो मंत्री जी ने कहा कि रेप उसके साथ हुआ हो या नहीं हुआ लेकिन जैसा उस के साथ घटना घटी है, जिस तरह से उसे नंगी कर के उस के गुप्तांग मे लाठी को ढकेला गया है, यह भारत की मर्यादा के लिए एक शर्मनाक बात है। यह रेप से भी ज्यादा खतरनाक चीज है।

आप कहते हैं कि हम लोग राजनैतिक रंग दे रहे हैं... (व्यवधान).... आप पुलिस की तरफ से बोल रहे हैं इस का मतलब है कि कहीं न कहीं किसी न किसी कोने मे आप के दिमाग मे प्रेजुडिस है । इसलिए मैं कहता हूं कि कोई भी बात यहां चले तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए। मैंने नहीं कहा किसी ने नहीं कहा कि आप का इस में हाथ है । लेकिन जिस तरीके से आप डिफेंड कर रहे हैं, दर्शक दीर्घा में लोग बैठे हुए हैं, प्रेस के लोग बैठे हुए हैं, जिस तरीके से आप एक तरफा पुलिस को डिफेंड कर रहे हैं, उस से लगता है कि आप के दिमाग में कहीं प्रेजुडिस है । इसलिए मैं कहता हूं कि इसको राजनैतिक भावना से नहीं लेना चाहिए ।

हम लोग जब बागपत में गए, हम लोगों ने सब से मिलने की कोशिश की और जो रिपोर्ट हम लोगों के सामने प्रकाश में आई, मैं कहता हूं कि भरे दिन दहाड़े कोई डकैती करता है ? और यदि कोई डकैती करने के लिए आएगा तो वह अपनी गाड़ी के चक्के को पंक्चर ठीक करने के लिए देगा ? वहां वह आया है और आने के बाद जब वह बाजार चला गया है, त्यागी की पत्नी माया त्यागी गाड़ी में बैठी हुई थी, वहां पुलिस कांस्टेबल या दीवान आता है सादे वेष में और उस लड़की की पीठ पर ठोकर मार कर कहता है कि यह टैक्सी चलेगी ? जब उस ने ऐसा कहा तो उस लड़की ने प्रतिरोध

किया। लेकिन आज कल की पुलिस की टेंडेंसी जैसी है, वह कहीं प्रतिरोध सुन सकती है ? उस के बाद हो हल्ला होता है, उस के परिवार के लोग आते हैं । आने के बाद जब वह मार खा जाता है तब उस के बाद वह जाता है हल्ला करते हुए थाने में कि डकैत आये हैं और बैंक लूट रहे हैं। हमने बैंक वालों से भी पूछा कि कोई लूटने के लिए आये थे तो उन्होंने कहा--नही। कही पर बैंक लूटा जा रहा हो तो स्वाभाविक है पुलिस दौड़ेगी । पुलिस आती है और गोली चलाना शुरू कर देती है और मंत्री महोदय बतलायेंगे कि गोली पीठ मे लगी है या छाती मे लगी है । जब एन्काउंटर होगा, आमने सामने, जैसा आप कहते हैं तीन चार हजार लोग थे, उनके बीच में गोली चले, एक तरफ एक आदमी के छर्रा न लगे और एक तरफ तीन आदमी मर जायें, दो आदमियों के गोली लगी और वहीं मर गए, तीसरे के पांव मे गोली लगी। वह आदमी कह रहा था मेरी बात सुन लीजिए तब गोली चलाइये लेकिन पुलिस तो यह दिखलाना चाहती थी कि हम सर्वेसर्वा हैं और पब्लिक की कोई भी वैल्यू नही है, उन्होंने उसको मार दिया । उसके बाद लड़की को दोनों पांव पकड़ कर गाड़ी में से खींचकर निकाला जाता है और फिर नंगा करके शहर मे घुमाया जाता है । जैसा कि दण्डवते जी ने कहा अगर किसी ने उसको लुंगी देने की कोशिश की तो पुलिस के द्वारा उसकी पिटाई की गई । उसके बाद हम लोगों को कुछ लोगों ने बतलाया **(व्यवधान)**

SHRI EDUARDO FALEIRO (Mormugao): I am on a point of order, Sir. My point of order is this. I am entitled to make a point of order. The hon. Minister has said in this House that a judicial enquiry has been instituted. That means that the matter is *sub-judice*, concerning certain aspects. My friend is going on saying things like "This could not be done—they shot from behind. It was broad day-light. Robbery could not be committed." This is prejudicial to the judicial enquiry. You will be creating, with utmost respect I am submitting Sir, a wrong precedent.

**श्री राम विलास पासवान** : मैं फैक्ट्स बता रहा हूं जोकि सामने आये हैं। ये सारी बातें अखबार में आ चुकी हैं ।

उसके बाद हम लोगों ने लोगों से पूछना शुरू किया । एक डाक्टर हैं, उनके पास हम गए। जब हम उनसे बातचीत कर रहे थे तो मालूम हुआ जैसे गुण्डों का कोई आर्म्ड गैंग आ गया हो और वह उस मकान को तोड़ देगा । डाक्टर ने कहा कि यह एस.एच.ओ. के भेजे हुए आदमी हैं । हमने कहा डरिए नहीं, हमारा सिर टूटेगा, कोई बात नहीं । उसने कहा आपके जाने के बाद हमारा क्या होगा ? उसके बाद हम बाहर आये और कहा यह क्या मजाक हो रहा है । वहां पुलिस खड़ी थी । मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं जो पुलिस गोली चला सकती है क्या वह पुलिस अरेस्ट नहीं कर सकती है । पुलिस कहती है कि पब्लिक ने नंगा किया तो पुलिस गोली चला सकती है वह पब्लिक को रोक नहीं सकती है । जहां गोली चल रही हो क्या वहां पर पब्लिक खड़ी रहती है ? जब गोली चल रही हो तो पब्लिक अपने घर मे चली जाती है। इसलिए जो वस्तुस्थिति है उससे हमको मुकरना नहीं चाहिए । उस दिन मैंने कहा था, जब गृह मंत्री जी जा रहे थे, कि जिस ढंग से आप जा रहे हैं इसमें आप इंक्वायरी नहीं कर पायेंगे। जैसा कि दण्डवते जी ने कहा जिस दिन मंत्री जी गए उस दिन 4-5 हजार सिपाहियों को सादी ड्रेस में और वर्दी में रखा गया था अफसरों के द्वारा ताकि उनको मिलने न दिया जाए। मंत्री जी को गेस्ट हाउस में रखा गया और वहां सारे के सारे लोग लाये गए। एक से वे मिल पाये, शायद राजनारायण जी आ गए थे इसलिए। गृह मंत्री जी ने कबूल किया है कि जिस ढंग से इंक्वायरी की गई है उस ढंग से जो हकीकत सामने आनी चाहिए वह नही आ सकती है ।

मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब भारत की सरकार कंविंस्ड है, इस बात को मानती है बल्कि दोनों पक्ष मानते हैं कि उस लड़की को नंगा किया गया, उसको घुमाया गया, बेइज्जत किया गया, अब किसने नंगा किया और क्यों नंगा किया, यह दूसरी बात है कि लेकिन इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो पुलिस जिम्मेदार है। क्यों नंगा होने दिया या क्यों पुलिस ने नंगा किया? यदि पुलिस नंगा करती है तो भी पुलिस जिम्मेदार है और पुलिस के सामने नंगा

[श्री राम विलास पासवान]

किया जाता है तो भी पुलिस जिम्मेदार है। इसलिए यह सरकार इस जवाबदेही से अपने को बचा नहीं सकती है। कहीं कोई घटना घट जाये। चाहे वह नारायणपुर का काण्ड हो या और कोई काण्ड हो, अगर दूसरी जगह कोई गलत काम हो जाये, तो क्या यहां पर भी वही गलत काम करवायेंगे? अगर दूसरी जगह कहीं गलत काम हो जाये, तो यहां पर भी वही काम करें, तो एक कीचड़ से दूसरी कीचड़ को धोया नहीं जा सकता है। इस लिये मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा—गृह मंत्री भारत का स्वराष्ट्र मंत्री होता है, यदि वे इस बात से कन्विन्स्ड हैं कि महिला के साथ इस तरह की दुर्गति की गई है, वह महिला भी इन से आ कर मिली है, इस लिये यदि वे कन्विन्स्ड हैं तो इस शर्मनाक घटना की जितनी भी निन्दा की जाय, वह कम है।

19 hrs.

मैं आप से कहना चाहता हूं आप की सरकार दिल्ली में है, आप की सरकार उत्तर प्रदेश में है और आप केवल यह कहते हैं कि शर्मनाक घटना घटी है। उत्तर प्रदेश की सरकार कहती है कि हम सिर्फ उस का ट्रांस्फर कर सकते हैं। ट्रांस्फर क्या कोई पनिशमेन्ट है, क्या स्थानान्तरण कोई पनिशमेन्ट है? कोई पनिशमेन्ट नहीं है। जिस एस. एच. ओ. ने किया है, उस का तो अभी तक ट्रांस्फर भी नहीं किया गया है।

अध्यक्ष जी, जैसी मुझ को जानकारी मिली है, इन्होंने इस काम पर सी. आई. डी. बहाल की थी और सी. आई. डी. की रिपोर्ट भी इनके पास आ गई कि उस लड़की के साथ बुरा व्यवहार किया गया थी। उसके अनुसार पुलिस को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए, यह पुलिस की ज्यादती थी..... इस बात को सी. आइ. डी. ने भी कहा है। सी. आई. डी. की रिपोर्ट आ गई है...

अध्यक्ष महोदय : अब खत्म कीजिए। आप को कैसे पता है ?

Sir, this is not the first time. On so many occasions it has happened earlier. That is why we want a proper inquiry. I think this incident has no parallel. To my memory it has no parallel because a woman is stripped naked and paraded in the streets, and she had her abortion right in the street. This is most shameful. Whether she is a dacoit or connected with dacoits that does not matter but whether a lady can be stripped naked and paraded in the streets. By this incident you have stripped naked and paraded not Mrs. Maya Tyagi but the whole womanhood of India you have dis-honoured the women of India.

Sir, my point is if you want to have a thorough inquiry into this then you have not only to suspend the concerned police officials—the women's organisations have demanded their arrest but I am of the view that they should not be allowed to enter the district till the inquiry is over; otherwise you cannot have a free and fair inquiry. Are you prepared for that? Otherwise, we have so many earlier experiences. In Kerala—Mr. Karunakaran was the Home Minister at that time—two women were molested and raped and

[Shrimati Suseela Gopalan]

when they came out they committed suicide. Our women's organisations forced them to have an inquiry and suspend the concerned police officials. They were suspended but after two months when all the noise died down the suspended police officials were taken back and even given promotion. That is our experience. That should not happen any more. There should be some justice and this should be a lesson to all the people in the country that after this thing nobody should be prepared to do such a thing. If you are prepared to take such an attitude, then only justice can be done. This is my appeal to the ruling party.

You are telling about bringing legislation. We are not much concerned with what legislation you bring. What is important is your attitude and what you are doing to prevent attacks on women and we find nothing is being done. For 30 years you have ruled. You say you are thinking of bringing about a legislation. But what have you done? Your young friends are defending these police people. That is what is worrying us. I ask: Are you prepared to order an impartial enquiry into this matter? You should take strict action against the police people. Let there not be any such incidents in future. I would like to know from the hon. Home Minister whether he is prepared to suspend them and also to ban them from entering the district till the enquiry is over. I request you that at least now you should take strict action against these people. Your action should be such that in this country no police personnel should hereafter be bold enough to commit such offences. With these words I conclude my speech.

**20 hrs.**

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली) : अध्यक्ष महोदय, ये सारी बातें **हियर से** हैं। **हियरसे इज नो एवीडेंस**। मैंने सभी बातें यहां सुनीं। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि एक बार जब हमारी प्रधान मंत्री नारायणपुर की घटना को देखने के लिए उत्तर प्रदेश के नारायणपुर जाना चाहती थीं तो उस समय उनसे यह कहा गया कि मेहरबानी करके आप वहाँ न आइये क्योंकि यह स्टेट सब्जेक्ट है। आज उस बात को यहाँ कोई नहीं कह रहा है। आज उसी स्टेट सब्जेक्ट को यहाँ डिसकस किया जा रहा है।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने इस केस की एफ० आई० आर० पढ़ी है। इस रिपोर्ट को पढ़ने से मालूम होगा कि किस प्रकार से यह बनाई गयी है। इसमें मेडिकल रिपोर्ट भी है। बयान पर अंगूठे के निशान भी हैं। ये सारे तथ्य जो आप कह रहे हैं वे इस से साबित नहीं होते। या तो यह एफ० आई० आर० गलत है या तथ्य कहने वाले गलत हैं। मेडिकल एग्जामिनेशन हो गया। उसकी रिपोर्ट है। उसमें कहा है कि रेप हुआ है। अगर आप चाहते हैं तो उसका कुछ पोर्शन पढ़ सकता हूं। उसी दिन डाक्टर ने उसको एग्जामिन किया। वह कुछ लोगों की कम्पनी में थी।

मैं एक बात कहना चाहता हूं कि बडी जोरों से यहाँ पर इस घटना की चर्चा हुई। यह घटना 19 जून को घटती है और उसकी एफ० आई० आर० 19 को नहीं, 20 को नहीं, 21 जून को लिखी जाती है। पूरे तीन दिन के बाद एफ० आई० आर० लिखी जाती है। इस तीन दिन के बाद लिखी गयी एफ० आई० आर० के बारे में यहाँ कुछ नहीं कहा गया।

मैं सुदेश त्यागी के बयान से पढ़ कर सुनाता हूं—"दिन के दो बजे जब हम

बागपत चोपाल पर आये, जैसे ही कुछ सामान लेने के लिए दुकानात की ओर चले तो देखा कि पुलिस थाना बागपत के कुछ लोगों से झगड़ा किया तथा फायरिंग शुरु कर दिया।" यह एक इम्प्रोबेबल स्टोरी है। सारी कथा आप पढ़ लें। न तो एस एच ओ है वहां पर और न कोई चीज है। पूरी मैडीकल रिपोर्ट मेरे हाथ मे है। इस मे साफ लिखा हुआ है उस दिन कोई रेप नही हुआ

'This is an improbable story.

क्यों आप रेप, रेप कर रहे है। डाक्टर क्या कहता है इसको आप देखें। उसी दिन की रिपोर्ट है। क्या मैं सारी रिपोर्ट पढ़ू ? इस मे यह लिखा हुआ है

There is no living or dead sperm found on that part.

अगर मैं सारी रिपोर्ट आपको पढ़ कर सुनाऊ तो आपको दुख होगा आपको चाहिये कि आर्गुमेंट्स देने के पहले जो वस्तुस्थिति है, उसको आप जान ले। यह जो रिपोर्ट दी गई है वह पैथोलाजिस्ट के द्वारा दी गई है और आन दैट वेरी डे दी गई है। इस मे कहा गया है

No rape has been committed and nothing of that sort. . .

हमारे गृह मंत्री जी बड़े सीधे सादे है। दाढ़ी रखने से सरदार नही हो जाता है। उनका दिल भी सरदार का है। सरदार ने कह दिया है कि अगर गलत काम हुआ है और यह साबित हो जाता है तो सख्त सजा दी जाएगी और न्याय किया जाएगा। जब उन्होंने यह आश्वासन दे दिया है तो फिर आपने इस मामले को उखाड़ने की क्यों कोशिश की है, क्यों इस मामले को आप उछाल रहे है। जब एक सरदार ने एक बात कह दी है और दिल से कह दी है.....

**श्री मनी राम बागड़ी** (हिसार) : यह ठीक बात इन्होंने नही कही है।

**अध्यक्ष महोदय** : बड़प्पन की बात उन्होंने बताई है।

**श्री मूल चन्द डागा** : क्या जो इम्प्रोबेबल स्टोर है उसको आप मानेंगे ?

**श्री हरिकेश बहादुर** : सब लोग अपनी अन्तात्मा की हत्या कर रहे हैं इसको आप रोकिये।

**श्री मूल चन्द डागा** : वहां पर कहा गया कि कोई बागपत का आदमी गवाही देने के लिए तैयार है तो कोई तैयार नही हुआ।

मेरी प्रार्थना है कि इस सवाल को आप अपने तक ही सीमित रखे। यह जो स्टोरी है इसको पढें। जानबूझ कर औरत ने गलत रिपोर्ट दी है, तीन दिन के बाद दी है। सारी रिपोर्ट, सारी इंजरीज, अगर आपने इसको देखा तो आपको मालूम हो जाएगा कि फर्जी है, मनफाक्टिड है, बनावटी है।

**प्रो० मधु दंडवते** : आदमी मरे यह तो सही है ?

**श्री मूल चन्द डागा** : जो मारे गए है उनकी क्यों आपके वकालत करना चाहते है ? आप के सामने सारी चीज हैं। ईश्वर त्यागी के खिलाफ आठ मुकदमे थे जो पैंडिग थे। 302, 397, 395 392 धाराओं के तहत ये केस चल रहे थे। रिपोर्ट से मालूम होता है कि स्कफल हुई थी।

जहां तक महिला की इज्जत का सवाल है सारे देश के लोग उसके हक में हैं और एक आवाज से कहते हैं कि

[श्री मल चन्द डागा]

महिलाओं की इज्जत होनी चाहिये । सदस्यों को भारत के हर नागरिक को औरतों पर गर्व है । और हम उसको सम्मान की दृष्टि से देखते हैं । लेकिन इस तरह की घटनाओं को हम को उछालना नहीं चाहिये और चुप्पी साध कर रखनी चाहिये जब तक कि सही सही तथ्य हमारे सामने न आ जाएं और इस तरह की घटनाओं को राजनीतिक रंग देना कदापि उचित नही है । न्याय होने वाला है । ज्यूडिशल इनक्वायरी आर्डर कर दी गई है । लेकिन आज तो यही मालूम देता है कि यह जो सारी रिपोर्ट है यह फर्जी है, बनावटी है ।

**श्री मनी राम बागड़ी** (हिसार) अध्यक्ष महोदय, अपनी बात शुरू करने से पहले मैं श्रीमती माया त्यागी को नमस्कार करता हूं । इस सदन में जो यह चर्चा चली है, इससे न सिर्फ भारत बल्कि संसार के लोगों को, नारी के बारे में बहस-मुबाहसे के दौरान सत्य, असत्य जो कुछ कहा गया है, इस बहस ने सबको एक दफा झंझोड़ा है । हिन्दुस्तान की प्रधान मंत्री ने भी पहले यह चर्चा की थी कि किस तरह से नारी के सम्मान को रखा जायेगा ।

लम्बा समय नहीं है, लेकिन मैं आहिस्ते-आहिस्ते अपनी दो-तीन बातें कहना चाहता हूं । पहली बात यह है कि यह सरकार अभी बहुत शक्तिशाली नही है और विपक्ष में भी कोई दम नही है । अगर विपक्ष में दम हो तो मैं मानता हूं कि अगर किसी माया त्यागी के साथ किसी भी सरकार के दौर में ऐसा जुल्म हो तो सत्याग्रह कर के उस सरकार को उलट दे । अगर सरकार शक्तिशाली होती तो यह 18 तारीख को वाकया है और ...ने विरोध करने के बाद यह न्याय की जांच ...त हो, इसको मैं बिलकुल गलत मानता हूं । रपट दर्ज होनी चाहिए थी, मुजरिमों को गिरफ्तार करना चाहिये था, अदालत फैसला करती कि दोषी कौन है या कौन नहीं ।

जब माया त्यागी आकर घर-मंत्री, प्रधान मंत्री और आपको कहती हैं और रपट लिखाती हैं, तो यह कायदा है हिन्दुस्तान में । एक तरफ आप कानून बना रहे हैं, मैं खुश हूं कि सख्त कानून बने जिससे नारी की इज्जत बचे, और अभी जो कानून हैं, उसका आप उपयोग नहीं होने देते । अगर कोई औरत जाकर थाने में रपट लिखाये, कि मेरे साथ बलात्कार किया है, तो कायदा है, पर्चा दर्ज करके मुजरिम को गिरफ्तार करें और फिर उसके बाद इन्वैस्टीगेशन हो । मैं जुडिशियल इन्क्वायरी का विरोध करता हूं, इससे नारी के सम्मान को शक्ति नहीं मिलेगी बल्कि उन मुजरिमों की रक्षा मिलगी । पहला काम था पर्चा दर्ज करो, गिरफ्तार करो और सस्पेंड करो । मामला खत्म ।

आप राजनीति की बात करते हैं, राजनीति का क्या मतलब है । कोई जनता पागल है क्या जो इस तरीके से समझेगी । मैं राजनीतिक हूं, मेरा धर्म हैं कि किसी अबला की इज्जत लुटती हो तो उसे बचायें । श्री कमलापति जी, ज्ञानी जैल सिंह और सब चाहेंगे कि ऐसा हो । अगर जनता सरकार दोष करती थी, तो यह उस वक्त भी दोष था, उससे पहली सरकार दोष करती थी तो वह भी दोष था और आज भी दोष है । एक दोष दूसरे दोष को करने की इजाजत नहीं देता । जनता सरकार के वक्त का पाप, पाप है और इस वक्त का पाप, महा-पाप है ।

अध्यक्ष महोदय आपने बहुत बड़ा उपकार किया है जो इस सदन में यह चर्चा चली है । उधर से जो, नौजवान साथी उठ कर तेजी से बोलते थे, तो मैं खुश होता

था क्योंकि इनकी मर्जी से मुझे उत्तेजना होती थी कि यह तीमारदारी केवल थी और मैं सोचता था कि यह जनतंत्र, श्री सर्विस रहे हैं। लेकिन इनको यह ज्ञान होना चाहिये कि राजा हरिश्चंद्र के जमाने से लेकर आज तक पुलिस, शासन, पैसे और गुंडे की दास रही है। उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। इस देश में पुलिस के सुधार की जरूरत है। मैं आप और हिन्दुस्तान की जनता से चाहूंगा कि लोक-सभा रक्षा करे, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन खान अब्दुल गफ्फारखां ने कहा कि मैं इन्दिरा गांधी से मिला था और इन्दिरा गांधी से यह बात कही कि किसी तरिके से आप अबला की इज्जत बचाये, औरत की इज्जत को बचायें और जरूरत पड़े तो ऐसे लोगों को गोली मार दें। इन्दिरा जी ने कहा कि हमारे मुल्क मे डेमोक्रेसी है, गोली नहीं मार सकते। तो उन्होंने कहा कि कोई कानून बनायें। एक तरफ अब्दुल गफ्फारखां कहते है और इन्दिरा जी कहती हैं, कानून बनाओ, और दूसरी तरफ जो कानून आज अबला को सहायता देता है, उसका उपयोग नहीं करते हो। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है, कौन थानेदार, कौन डी० एम० और कौन आई०जी०, मैं ज्ञानी जी से कहना चाहता हूं कि यह न आपके दोस्त हैं और न हमारे। यह हजूर के नौकर हैं। कल जनता की सरकार थी, इनसे कहते थे कि पकड लाओ ज्ञानी जी को, तो फट पकड़ लाते थे। आज कहते हैं कि पकड़ लाओ, उसको तो यह पकड लाते हैं। ये किसी के सगे नहीं हैं, ये यकसार हैं, मैं आपको बताता हूं।

यह ठीक बात है कि आदमी जब उस तरफ़ बैठता है, तो उसको एक बात नजर आती है, लेकिन जब वह इस तरफ़ आ जाता है, तो उसे कुछ और ही नजर आता है। अच्छा हो कि इस बहस से इस स्थिति में परिवर्तन हो जाये। अगर यह संघर्ष बढ़ता रहेगा, तो वह दिन भी आयेगा, जब उधर वाले को सोचना पड़ेगा कि कल जब मैं बोलता था, तब क्या हालत थी और इधर वाले को सोचना पड़ेगा कि जब मैं वहां था, तो क्या काम कर रहा था।

मैं चाहूंगा कि इस घटना को एक मामूली बात न समझा जाए। मुझे किसी से दुश्मनी नही है। मैं मौके पर भी नही था। लेकिन मैं समझता हूं कि इस देश की हर औरत, चाहे वह चोर, डाकू या वैश्या हो, भारत की बेटी है। अगर उसके साथ बलात्कार होता है, तो वह भारत की बेटी के साथ होता है। चाहे इस देश की कोई वैश्या हो, हिन्दुस्तान की प्रधान मंत्री और यह लोक सभा यह नहीं कह सकते है कि वह हमारी बेटी नही है। चोर-डकैतो के लिए कायदे-कानून बने हुए है। इस तरह गोली मार कर यह समस्या हल नही हो सकती है।

फर्ज कीजिए कि मेरे बाप को कोई कत्ल करता है तो मैं उसको कत्ल नही कर सकता हूं। सुबूत मिलने पर सेशन जज ही उसको सजा दे सकता है। इन्सानों को कीड़े-मकोड़ों की तरह नही मारना चाहिए। मैं खुश हूंगा कि माया त्यागी के साथ ज्यादती करने वाले मुलजिमो को सजा मिले। अगर न मिले, तो हिन्दुस्तान भर की जनता उठे, शान्तिमय आन्दोलन करे, सत्याग्रह करे और वक्त की हुकूमत को एक्शन लेने के लिए मजबूर करे।

यह ठीक है कि श्री राज नारायण वहां पर 18 तारीख को गये थे। मैं उनको मुबारकवाद देता हूं। वह श्री राज नारायण ही हैं, जिन्होंने इस मामले को उठाया और इस हाउस को इस पर चर्चा करने का मौका मिला। हो सकता है कि कुछ लोग कहे कि यह गलत है, लेकिन सारे संसार में एक बहुत बडे इश्यु को उठाया गया। श्री राज नारायण वहां पर गये। मैं चाहता हूं कि आप सब लोग वहां जायें।

[श्री मनी राम बागड़ी]

आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि द्रोपदी के चीर-हरण के समय भीष्म और द्रोणाचार्य चुप बैठे रहे। कमलापति जी और ज्ञानी जी कुछ करना चाहते हैं, लेकिन मजबूर है, कुसंगी उन्हें सच्ची बात नहीं करने देते हैं। उन्हें आगे बढ़ कर कुछ करना चाहिए।

**श्री भगवान देव (अजमेर)** : अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के माननीय सदस्यों ने मगरमच्छ के आंसू बहाये, उन्होंने ढाई घंटे बर्बाद किए और फिर वहीं के वहीं खड़े रहे। सरकार ने कह दिया कि न्यायिक जांच होगी और जो व्यक्ति मुजरिम पाये जायेंगे, उनको सजा दी जायगी। श्री मधु दंडवते शहीद होने को भी तैयार हो गये। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि अपने ढाई सालों में उन्होंने क्या क्या कर्म किये। जो घटनायें नारायणपुर वगैरह में घटीं, उनके सम्बन्ध में उन्होंने क्या किया? जब हमारी अध्यक्षा, श्रीमती इन्दिरा गांधी, उस गांव में जा रही थी, उन्हें रोका गया, उस समय इन लोगों ने ही इस सदन में इस बात को उठाने नहीं दिया और कहा कि यह तो स्टेट का विषय है और इसकी चर्चा एसेम्बली में ही होगी। आज ये यहां पर बैठ कर बातें कर रहे हैं। असली किस्सा क्या है, वह सामने आयेगा। इनके कर्म भी सब के सामने आने वाले हैं। ये लोग बेतुकी बातें कर के समय बर्बाद कर रहे हैं। इससे क्या नतीजा निकलने वाला है? यह तो ऐसा हुआ कि खोदा पहाड़ और निकली चुहिया। जिन्होंने यह घटना की है, जिन्होंने इस तरह का अत्याचार किया है उस को दण्ड दिया जायगा। मैं चौधरी चरण सिंह जी से पूछना चाहता हूं, आज वह महिलाओं के सम्बन्ध में बहुत कुछ आवाज करने जा रहे हैं। उन की आवाज में कितना दम है वह तो दुनिया ने देख लिया। परन्तु उन्होंने महिलाओं का अपमान किया और यह कहा अपने काल में जब वह मुख्य मंत्री थे कि महिलाओं को तो घर में बैठ कर रोटी बनानी चाहिए। और अब सम्मान की बात करते हैं। यह किस मुंह से ऐसी बात करते हैं. . . (व्यवधान) . . . .और हां, अपनी बीवी को चुनवा कर ले आए। यह दुरंगी चाल है। वह कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। इन की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अन्तर है। मैं धन्यवाद देता हूं सरकार को कि वह न्यायिक जांच करायेगी।

**श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर)** : मान्यवर, . . . . . (व्यवधान) . . . . .

जब पूरे राष्ट्र का मस्तक शर्म से झुका हुआ है बागपत की घटना पर तो हमारे रूलिंग पार्टी के लोगों को ऐसा लग रहा है कि उन्हें गौरव महसूस हो रहा है और वे पुलिस को लगातार बचाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस सरकार के राज्य में आज महिलाओं, हरिजनों और अल्पसंख्यकों, किसी का भी जीवन सुरक्षित नहीं है। मैं कुछ उदाहरण आपके सामने रखना चाहता हूं :

"Woman paraded naked, then raped by police." "CID. to probe Harijan Woman's death—Bara-banki"; "Cop on duty rapes woman in JP Hospital"; "Woman raped in police station". I have quoted from the press cuttings.

इन लोगों की अन्तरात्मा है ही नहीं, वह पूरे तरीके से भ्रष्ट हो गई है और जो बड़े बड़े नेता इस पार्टी के अंदर बैठे हुए है, देश के साथ, देश की जनता

के साथ चाहे एमर्जेंसी के समय में विश्वासघात हुआ, चाहे अब हो रहा है; उस सब को ये लोग डिफेंड करने की कोशिश करते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है और शर्म की बात है। आज भी यही काम किया जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि गृह मंत्री जी ने अभी कहा था कि देश का झंडा तब झुकता है जब पुलिस का डंडा टूटता है। अगर यही ऐटीच्यूड है तो आप पुलिस को बचाने के सिवाय और कोई काम नहीं कर सकते हैं। कितना अत्याचार पुलिस कर रही है इसके बारे में आप अपने कान खोल करके सुनिए और आंख खोल करके देखिए। आप लोग राजनैतिक लाभ की बात करते हैं। नारायणपुर का काण्ड हुआ था तो उस सरकार की बर्खास्त करने की मांग मैंने की थी और मैं चाहता हूं कि ऐसी सरकारों को बर्खास्त किया जाये, ऐसी सरकारें रहें नहीं और आप को भी बर्खास्त होना पड़ेगा, आप की जनता बर्खास्त करेगी। जब पत्रकारों ने प्रधान मंत्री से पूछा कि यह धारणा बन रही है कि नारायणपुर कांड से आप लोग राजनैतिक लाभ उठाना चाहती हैं तो प्रधान मंत्री ने जवाब दिया था कि जब ये अपोजीशन के लोग गलतियां करें तो राजनैतिक दल होने के नाते हम क्यों न लाभ उठाएं? आप अगर अपनी पुलिस को उकसाते हैं भ्रष्टाचार और व्यभिचार करने के लिए तो राजनैतिक दल के लोग यहां पर चुप्पी साध कर बैठेंगे और आप का समर्थन करेंगे? आप ऐसा क्यों समझते हैं? हम इस का लाभ भी उठाएंगे। लेकिन सवाल यहां लाभ उठाने का नहीं है। सवाल है देश की उन महान परम्पराओं और मर्यादाओं का जिनके लिए इस देश के महान् व्यक्तियों और महापुरुषों ने जीवन भर काम किया है, जिन्होंने आप के सामने ऐसा आदर्श स्थापित किया है... (व्यवधान).... त्यागपत्र की बात मत कीजिए।... (व्यवधान)....

जज की नियुक्ति हुई और उस की नियुक्ति होने के बाद आइ जी पुलिस और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट वहां पर प्रेस कान्फ्रेंस कर रहे हैं? क्या वे इंटरफेयर नहीं कर रहे हैं जुडिशियल एन्क्वायरी में? आप उनके खिलाफ क्या कार्यवाही कर रहे हैं? मैं मांग करता हूं कि आप ऐसे लोगों को सस्पेंड कीजिए, आइ जी और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को सस्पेंड कीजिए। ये कोई खुदा के नुमाइन्दे नहीं हैं कि जो चाहें वह करें और आप इन से जो चाहे कराते रहें। मैं चाहता हूं कि आप ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्यवाही कीजिए।

मान्यवर, यह वह देश है.... (व्यवधान).... यह टाइम्स आफ इंडिया है, देख लीजिए, चांदनी चौक में एक कुत्ते की मौत हुई तो टाइम्स आफ इंडिया मे छपा हुआ है, इस को इज्जत दी गई। आप खुले आम दिन दहाड़े लोगों को गोलियों से उड़ा रहे हैं और आप कहते हैं कि वे डाकू हैं। डाकू हैं तो आप गोलियों से उड़ाएंगे? अगर कोई महिला डाकू है तो आप उसको नंगी कर के परेड करवाएंगे? ये तमाम चीजें जो हो रही हैं देश के लिए बड़े शर्म की बात है। सरकार को अपने तौर तरीके को बदलना होगा और देश के साथ न्याय करना होगा, महिलाओं, गरीबों और हरिजनों, सब के साथ जो आज अत्याचार हो रहे हैं उन्हें बंद करना होगा।.... (व्यवधान)...

**गृह मंत्री (श्री जैल सिंह)** : स्पीकर साहब, आपने बड़ी मेहरबानी करके, जबकि रूल्स में एक घंटे से ज्यादा टाइम नहीं दिया

[श्री जैल सिंह]

जा सकता था, दो घंटे दिए, ढाई घंटे भी दे दिए। यह आपकी मेहरबानी है। यहां पर आनरेबल मेम्बर्स ने अपने विचार रखे हैं। दंडवते जी ने इस बहस का उद्घाटन किया, मिसिज साही, मि० पासवान, मि० राजेश पाइलट, मि० आर० एन० भाटिया, मिसेज गीता मुकर्जी, मि० मोहम्मद आरिफ, मिसेज सुशीला गोपालन, श्री मूलचन्द डागा, चौधरी जी—इन सभी मेम्बर्स के जवाब तो मैं देना जरूरी भी नहीं समझता हूं और मेरा खयाल है आप भी नहीं चाहेंगे कि इस पर वक्त खर्च किया जाए। जब आपस में एक दूसरे को जवाब मिल ही गया है तो उसके बाद मैं क्या जवाब दूंगा।

स्पीकर साहब, आपने भले ही कह दिया था कि जुडियशल इंक्वायरी के आर्डर हो चुके हैं, इसका खयाल रख कर आनरेबल मेम्बर्स बोलेंगे। खैर, खयाल तो रखा ही होगा लेकिन मेरा खयाल है जुडीशियरी का जज यहां बैठा होता तो उसका आधा मन तो बन ही जाता। यह जुडीशल इंक्वायरी कमीशन आफ इंक्वायरी ऐक्ट के मातहत है। दंडवते जी के प्रति मेरा ख्याल था कि वे प्रोफेसर रहे हैं और प्रोफेसर हमेशा इस बात का ख्याल रखता है कि वह जितनी ज्यादा से ज्यादा नालेज दे सके लोगों को, वह दे। वे स्टडी करके भी आते हैं। आज मेरे मन पर एक बात का प्रभाव पड़ा कि वे स्टडी करके भी आते हैं और यह भी समझते हैं कि उनके स्टूडेन्ट्स बैठे हुए हैं। उन्होंने पहले बड़ा सुन्दर रूप दिया कि इंडियन कल्चर को ध्यान में रख कर बात करेंगे और फिर कहा कि जूडीशल इंक्वायरी जो है...(व्यवधान) आप हार्टिकल्चर समझते हैं तो मैं स्पीकर साहब, दरखास्त करूंगा कि आनरेबल मेम्बर के दिमाग का इलाज कराया जाए। (व्यवधान) उर्दू ख्वांदा दोस्त समझेंगे :

मैं सुआ लिखता रहा, वे क्या पढ़ते रहे। एक ही नुक्ते ने महरम से मुजरिम बना दिया।

तो यह बातें और हैं। मेरा खयाल था कि मैं इस बात को सिलसिलेवार रूप में सामने रखेंगे। मगर यह भी ठीक है कि गृह मंत्री के स्टेटमेंट पर दो घंटे बहस हो ली। शायद पहले भी गृह मंत्री के बयान पर बहस होती रही हो लेकिन मुझे तो पहला मौका सुनने को मिला है कि गृह मंत्री ने स्टेटमेंट दे दिया, जुडीशल इंक्वायरी के लिए कह दिया, स्टेट ने उसको मान लिया उसके बाद जो ऐसी तकरीरें होती हैं उनसे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि उससे उस लड़की की इज्जत बचाने का मकसद है, गुनहगारों को सजा दिलाने का मकसद है या अपनी पार्टी की इमेज बनाने का मकसद है? खैर, मैं बड़ी इज्जत करता हूं इन दोनों पति पत्नी की, यानी प्रोफेसर साहब और उनकी वाइफ की...(व्यवधान)

**श्री मनीराम बागड़ी** : यहां पर दोनों इस सदन के मेम्बर हैं।

**श्री जैल सिंह** : तो पति और पत्नी मेम्बर नहीं हो सकते, बागड़ी जी, क्या वाजपेयी जी और भूपेश गुप्त जी ही मेम्बर हो सकते हैं जो पति नहीं बने? खैर, मैं सच बात कहता हूं कि मिसिज दंडवते जो पार्लियामेंट मेम्बर हैं उन के साथ माया त्यागी और एक-दो शख्सियतें मुझे मिले थे। मैंने कहा—बहिन जी, आप ने सब कुछ बता दिया होगा, हम असलियत पर जाने की कोशिश करते है तो आनरेबिल मिसिज दंडवते...(व्यवधान)... मैं तो बहन उन्हें ही समझता हूं, बहन कहूंगा भी, लेकिन रिकार्ड में आनरेबिल मेम्बर कहना जरूरी है.....

**श्रीमती प्रमिला दण्डवते** (बम्बई-उत्तर मध्य) : मैं गृह मंत्री जी से मिलने नहीं गई

थी। हमारी कुछ महिलायें गई थीं। मैं माया त्यागी के साथ प्रधान मंत्री जी से मिलने गई थी, आप ने दूसरी महिला को कैसे प्रमिला दंडवते समझ लिया ?

श्री जैल सिंह : सपीकर साहब, आप ही हैं न श्री मधु दंडवते की मिसिज ? अच्छा मुझ बताओ, रात के 8 बजे मेरे घर में प्रधान मंत्री जी का क्या काम ? आप उन को मिलने गई थीं. . .

अध्यक्ष महोदय : ये कहती हैं : मैं आप के घर नहीं गई थी।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : मैं माया त्यागी को साथ ले कर प्रधान मंत्री जी से मिलने गई थी, आप के यहां मैंने रिप्रेजेन्टेटिव भेजी थी, लेकिन मैं खुद नहीं आई थी।

अध्यक्ष महोदय : यहां मुझे रूलिंग देना पड़ेगा—आप घर में झगड़ा नहीं करवा सकते हैं।

PROF. MADHU DANDAVATE: For the information of the hon. Minister, I confirm that she is my wife.'

श्री जैल सिंह : जो मुझे याद है, मैं ईमानदारी से कहता हूं। मुझे बताया गया मैं मिसिज मधु दंडवते हूं और यह वह लड़की है और उन के साथ एक लेडी और थी। मैंने यह भी कहा कि इस सम्बन्ध में प्रधान मंत्री जी से मिलना चाहिये, तो उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, अफसोस के दिनों में, हम प्रधान मंत्री जी को क्यों तकलीफ दें। इन्होंने यह भी कहा कि . . .

श्री जी० एम० बनातवाला : अध्यक्ष महोदय, इसकी एन्कवायरी होनी चाहिये।
. . . व्यवधान. . .

श्री जैल सिंह : उन के साथ दो बहने और थीं।

श्री कुम्भाराम आर्य (सीकर) : क्या बागपत की जांच भी ऐसी ही कर के आये हैं ?

श्री जैल सिंह : स्पीकर साहब, मैं चौधरी साहब को बहुत पुराना जानता हूं और वे भी मुझे जानते हैं। हम दोनों प्रजा मंडल में रहे हैं। उन के मुंह से यह बात सुन कर मुझे अफसोस हुआ। मैं अगर जानकारी कर पाता तो क्या मेरा स्टेटमेंट यही आता ? अगर मेरी जानकारी मुकम्मिल हो जाती तो क्या फिर जूडीशियल एन्कवायरी की जरूरत रह जाती ? क्या मैं उन को सजा न देता, क्या मैं हुकूमत को मजबूर नहीं कर सकता था कि उन को सजा दी जांय ? वहां एन्कवायरी नहीं होने दी गई, वहां हजारों आदमी मौजूद थे जोकि पोलिटीकल पार्टियों के आदमी थे और अपनी अपनी पार्टियों के स्लोगन लगा रहे थे। कोई एन्कवायरी नहीं हो सकती थी, किसी को माया त्यागी का ख्याल नहीं था। पोलीटीकल पार्टियां अपने जल्से लगा रही थी। मैं वहां क्यों गया ? इस लिये कि मैंने राज्य सभा में वचन दिया था कि मैं वहां जाऊंगा। हालांकि मैं समझता था कि जाने का कोई फायदा नहीं होगा। पार्लियामेंट की दस लेडी मेम्बर्स मेरे साथ थी और भाटिया जी मेरे साथ थे। मैं दो दिन रहने के लिये वहां तयार था, लेकिन जब मैंने वहां एटमास्फीअर देखा, जिन्होंने अपनी आंखों से हाल देखा था, वे तो आते नह , और बड़े बड़े लीडर्स, वकील, हमारे सामने तकरीरें करते हैं, तो मैंने समझ लिया कि इस तरह से असलियत सामने नही आयेगी। यही मैंने स्टेटमेंट में लिखा है इस लिये मेरी दरख्यास्त है कि आप थोड़ा माहौल को ठंडा होने दें।

प्रो० मधु दंडवते : अगर यह ठण्डा दिमाग है, तो गर्म दिमाग क्या होगा ?

श्री जैल सिंह : प्रोफेसर साहब ने कहा—मीयर ट्रांसफर से कुछ बात नहीं बनती। मैं उनके जजबात की कद्र करता हू। उन्हों ने

[श्री जैल सिंह]

यह भी कहा कि रेस्ट हाउस में जाकर इंक-वायरी की, आप क्यों नहीं गए ? इसका जवाब मैंने दे दिया है। आप के जाने का कोई फायदा नहीं था, क्योंकि असलियत निकालने नहीं देते थे। जिन्होंने आज बहुत बड़ी पब्लिक मीटिंग की है, वहां जाकर क्या मायात्यागी की इज्जत को बचाने के लिए की है ? माया त्यागी के नाम से पोलिटिकल पार्टी बढ़ाने की कोशिश की गई है। अगर ऐसी हालत रहेगी तो इन्साफ होना मुश्किल है।

प्रोफेसर साहब, आप की तकरीर शानदार थी। मुझे एक शेर याद आया —

इकबाल बड़ा उपदेश कहे, मन बातों से मोह लेता है,

गुफ्तार का गाजी बन तो गया, किरदार का गाजी बन न सका।

आप की तकरीर का एण्ड जहां हुआ, उसको देखिए। क्या उसमें पोलिटिकल रंगत नहीं थी ? क्या आप उस पोलिटिकल रंगत को उतार सकते हैं। आप की तमाम की तमाम तकरीर में यही बात थी — गृह मंत्री ने वहां जाकर कुछ नहीं किया, गृह मंत्री ने जो स्टेट-मेंट दिया है, उसमें कुछ नहीं कहा है ? क्या ज्यादा कह कर मुझे जुडीशियल इन्क्वायरी का मजाक बनाना था। मैं वहां गया और मैंने देखा कि यहां इन्साफ नहीं मिल सकता, जब तक जुडीशियल इन्क्वायरी नहीं होती। मैंने दिल्ला आ कर चीफ मिनिस्टर को टेलीफोन किया। जब मैं वहां गया था, जुडीशियल इन्क्वायरी की बात मेरे दिमाग में नहीं थी। मैंने उस रोज शाम को स्टेटमेंट क्यों दिया ? इसलिए कि मैं चीफ मिनिस्टर को अपनी राय देना चाहता था और मैंने उनको अपनी राय दी। उन्होंने उस राय को मन्जूर किया और जुडीशियल इन्क्वायरी के आर्डर हो गए।

मैं यह पूछना चाहता हूं — मुझे पूछना नहीं चाहिए, गलती से पूछ लिया, मुझे तो बताना चाहिए था — मैं बतलाना चाहता हूं — क्या आप इन तकरीरों और उन तकरीरों को सुनने के बाद कोई जजमेंट दे सकते हैं, कि कौन गुनाहगार हैं? कौन गुनहगार हैं, यह साबित नहीं हो सकता है, इसी लिए जुडीशियल इन्क्वायरी की जरूरत है।

मुझे श्रीमती गीता मुखर्जी और आनरे-बिल सी० पी० आई० के मेम्बर साहबान के जजबात की बहुत कद्र है। लेकिन मैं उनसे फिर दरख्वास्त करूंगा — आप ने जो लैटर मुझे लिखा था — यह लैटर श्रीमती गीता मुखर्जी, श्रीमती कनक मुखर्जी और श्रीमती अजीजा इमाम तीनों का लैटर है — यह मेरे स्टेटमेंट से पहले मुझे मिल गया था। इसमें आपने लिखा है —

We demand a judicial inquiry leading to the severest punishment to the beatsts guilty of this heinous crime of shameful molestation of woman.

आपको यह चिट्ठी आई और मैंने आपकी चिट्ठी को मान लिया

... (व्यवधान) ...

आप मेरी बात सुन लीजिए, आप तो बहुत पुरानी पार्लियामेंटेरियन हैं, पोलिटिकल लीडर हैं। मेरी बात सुन लीजिए, बैठ जाइए। मैं बोल रहा हूं, अगर कोई मर्द होता, तो पूछ लेता कि क्यों बोलते हो...

श्री मनीराम बागड़ी : मर्द पर गुस्सा निकालेगा।

श्री जैल सिंह : जो मेम्बर साहबान मेरे साथ गई, उनमें से तीन मेम्बर पार्लियामेंट ने मुझे इन्क्वायरी के लिए कहा और जब मैंने उनकी बात मान ली तो आपको इस बात की श्लाघा करनी चाहिए थी या मेरे गले पड़ जाना चाहिए था ?..

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: I simply said: what other Members of your Party are doing? I only wanted suspension.

**श्री जैल सिंह**: मैं आप से आशा करता हूं कि आप प्रेस गैलरी से न बोलें, यह मामला पोलिटीकल मामला नहीं है, इसको पोलिटीकल मामला बनाना अच्छा नहीं रहेगा। मैं आज भी यह कहता हूं—उस माया त्यागी की इज्जत, सत्कार और सम्मान हमारी नजर में, चाहे वह डाकू हो या कुछ भी हो, लेकिन वह भी भारत की एक बेटी है, मैं गृह मंत्री के नाते उसको बेटी समझता हूं और मैं उसकी इज्जत को लूटने वालों को सजा दिलाना चाहता हूं। लेकिन दुनिया मे इन्साफ क्या है? इन्साफ है निर्दोषियों को बचाया जाये और दोषियों को पकड़ा जाये। क्या यही इन्साफ है कि निर्दोष को पकड़ लिया जाय दबाव डाल कर, जलूस निकाल कर और सत्याग्रह कर के? क्या इन्साफ होगा? सत्याग्रह किस बात का करेंगे आप जब जुडीशियल इन्क्वायरी हो रही है। आप सत्याग्रह करने जायेंगे, जलूस निकालेंगे और शोर मचायेंगे ताकि कोई गवाही न दे सके। इस बात के लिए आप को अपने हृदय को टटोलना चाहिए और इस बात को एप्रीशियेट करना चाहिए कि एक वाकया हुआ, जिसके बारे में जब हमें पता चला, तो हमने जुडीशियल इन्क्वायरी का आर्डर कर दिया और जुडीशियल इन्क्वायरी के लिए वह जज लिया, जिसको वहां की हाईकोर्ट ने मंजूर किया। उनसे हम इन्क्वायरी करवा रहे हैं।... (व्यवधान) ... आपको बोलना है, तो जरा खड़े होकर बोलिये, मैं बैठ जाता हूं।

**प्रो० मधु दंडवते**: मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आप तो मिनिस्टर हैं। आज आप इतने गुस्से में बात यह समझ कर मत करिए कि हम यहां पुलिस आफिसर बैठे हुये हैं और आप होम मिनिस्टर हैं और आप हम को डांट रहे हैं।

**श्री जैल सिंह**: मैं एप्रीशियेट करता हूं दण्डवते जी कि आप ने ऐसा फैसला किया कि उधार नहीं रखा। मैंने भी आपको कहा था कि आप हमको स्टूडेंट्स समझते हो। इसलिए आप ने भी हमको ऐसी ही बात कह दी और मैं चाहता हूं कि इसको हजम न किया जाए। इनके शब्द भी रिकार्ड में रहने चाहियें।

**अध्यक्ष महोदय**: आप रोज क्लास लगाना न शुरु कर दें।

**श्री जैल सिंह**: स्पीकर साहब, मैं अपनी पार्टी के विरोधियों से यह कहना चाहता हूं कि यह तलवार की लड़ाई नहीं है, यह विचारों की लड़ाई है। इस्पात की तेज धार से जख्म होता है लेकिन विचारों के लिए अगर अच्छे लफ्ज इस्तेमाल किये जायें, तो जख्म नहीं होता है। इसलिए मैं अदब से बात करता हूं और कहना चाहता हूं अपने दोस्तों को:

"तुम तीर मारो सीने मे बेशक
मगर इतना ख्याल रखना कि
सीने में दिल है और
दिल में तुम्हरा मुकाम है"।

**अध्यक्ष महोदय**: हम ख्याल रखेंगे।

**प्रो० मधु दंडवते**: आप के दिल पर कभी तीर नहीं मारा है।

**श्री जैल सिंह**: नहीं मारा है, ठीक बात आप ने कही। आप ने दुरुस्त कहा अभी एक दोस्त ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह जी मजबूर हैं।

**श्री मनीराम बागड़ी**: मैंने कहा।

**श्री जैल सिंह**: बागड़ी जी ने कहा। बागड़ी जी हमारे पड़ोसी हैं और हमारा इन के साथ बहुत प्यार रहा है और अब भी है लेकिन जब चाहते हैं मेरे ऊपर इल्जाम भी लगा देते हैं, मुहब्बत से लगाते हैं।

**श्री मनीराम बागड़ी**: मैंने कभी इल्जाम नहीं लगाया आप पर।

**श्री जैल सिंह :** मैं सिर्फ बागड़ी जी को इतना ही कहना चाहता हूं कि मैं बहुत अदब करता हूं सत्कार करता हूं, इज्जत करता हूं, नरमाई से बोलता हूं, मुलायम भी हूं लेकिन में कर्म भी हूं, मजबूत भी हूं। इसलिए मुझे जब काम करना हो लोगों के इन्साफ के लिए, तो मैं किसी से नहीं डरता सिवाय खुदा के। मेरे ऊपर किसी ने दबाव डाला नही। ये जो हमारे दोस्त बैठे हुए हैं, ये मुझे मिले तक नहीं, मुझसे कुछ कहा नही। तकरीरों से आप अन्दाजा लगाते होंगे। मैं इन की तकरीरों की ताईद करता हूं। जब बात सच्ची कहते हों, तो मैं क्या करूं। अगर आप की बात में सच्चाई न हो तो मैं क्या करूं मेरे बस की क्या बात है।

मेरे एक और दोस्त ने कहा, शायद चौधरी साहब ने कहा था कि ये पुलिस वाले खुदा के नुमायन्दे नहीं हैं। बात बिल्कुल दुरुस्त कही। हम भी खुदा के नुमायन्दे नही हैं। इन्सान हैं और वे भी इन्सान हैं और हम भी हैं। बागड़ी जी ने कहा कि इधर बैठ कर कभी दिमाग कुछ और हो जाता है और उधर बैठ कर कुछ और हो जाता है। फिर वे सपना भी लेते हैं कि कोई समय आएगा कि हम उधर जाएंगे और वे इधर आएंगे। बागड़ी जी, अब इस बात को तो छोड़ दीजिए। वह जमाना अब नहीं आ सकता और भारत की परम्परा के मुताबक, हमारी संस्कृति के मुताबिक हम जब मरेंगे या हम को मुक्ति मिलेगी या स्वर्ग मिलेगा या नर्क मिलेगा, तो बागड़ी जी आप और मैं दोनों ऐसे आदमी हैं कि जिन्होंने इतने अच्छे काम नही किये हैं जिससे कि हमको मुक्ति प्राप्त हो जाए और इतने बुरे काम भी नहीं किये हैं कि कोई हम को नर्क में भेज दें। हम तो भारत में फिर पैदा होंगे लेकिन आपका स्थान वहीं रहेगा जो है और हमारा स्थान भी वही रहेगा। आप जिस जिस जगह पर बैठ गये हैं, जिस बेड़े पर बैठ गये हैं अब वह बेड़ा आगे जाने वाला वाला नहीं है। (व्यवधान)

एक बात मैं प्रोफेसर साहब आपको कहना चाहता हूं बहिन मुखर्जी को कहना चाहता हूं। लोक दल के नेता चौधरी साहब चले गये। मैं चाहता था कि वे बैठे होते। वे इत्तिफाक से प्रधान मंत्री भी रह गये, बगैर पार्लियामेंट का एक दिन भी सेशन किये और वे होम मिनिस्टर भी रहे। मेरी उनसे कोई अदावत की बात नहीं है। लेकिन यहां कुछ दोस्तों से बातें हो रही थीं, जरा वे भी सुनते। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जब मैं वहां गया तो लोक दल के नेता सब से आगे आगे थे। मैंने एक कमरा छोड़ा दूसरे कमरे में गया दूसरा छोड़ा, तीसरे में गया। मैंने पुलिस वालों को साथ नहीं रखा था। एक औरत, एक मर्द और कुछ लोग मुझे कहने लगे कि हम कुछ नही कहते क्या हुआ क्योंकि हमने देखा नहीं, लेकिन एक बात हम कहते हैं कि आज से 6 महीने पहले इसी इलाके में गुण्डे रोजना घुमते थे और जो लोक दल के नेता आप से मिले हैं, इनके वे साथी थे। वे लोगों के घरों में जाते थे, कहते थे खाना बनाओ और खाना खाते थे। उनके घर में सो जाते थे उनकी बहू बेटियों की इज्जत लूटने के बाद उनके घर लूट ले जाते थे। अब हम सुख और चैन की सांस ले रहे हैं। इसलिए याद रखना कि कहीं हमारी बेइज्जती न हो जाए। उन्होने यह भी कहा कि जब से हिन्दुस्तान आजाद हुआ तब से हम को किसी ने वोट डालने नहीं दिया लेकिन अब हम जहां चाहेंगे जायेंगे हम को आजादी तो मिली (व्यवधान)

**श्रीमती प्रमिला दंडवते :** जो सवाल उसको छोड़ कर आप दूसरी बातें कह रहे हैं।

श्री जैल सिंह : मैं यह बात कहता हूं कि कि मायादेवी को अपनी बेटी समझता हूं।

श्रीमती गायत्री देवी (कैराना): आप कैसे ये बातें कह रहे हैं क्या उनके सामने ये बातें कहेंगे ?

श्री जैल सिंह : मैं किसी से भी कह सकता हूं। मेम्बर साहिबान, मैं खुदा की मेहरबानी से एक जिम्मेदार हैसियत रखता हूं होम मिनिस्टर हूं। जब मैं कुछ भी नहीं था, नाचीज था, तब भी मेरी गर्दन किसी के आगे नहीं झुकी, मैंने जो कुछ बात कही वह सब के सामने कही। मैं पीछे नहीं कहा करता हूं। (व्यवधान)

प्रो० मधु दंडवते : हमारा भी सिर किसी के सामने नहीं झुका है। ताना शाही के सामने भी नहीं झुका है।

श्री जैल सिंह: प्रोफेसर साहब मैं आपको नहीं कहता। आनरबल मेम्बर साहिबा ने कहा कि मैं सामने बात करूं तो मैंने सामने यह बात कही है। इसमें आपको क्या तकलीफ हुई? (व्यवधान)

श्री मनीराम बागड़ी : अध्यक्ष जी, एक बात की मैं प्रार्थना करूंगा। जिसके हाथ में राज का डंडा होता है उसकी गर्जना शेर की सी नहीं होनी चाहिए उसकी वाणी मधुर होनी चाहिए । आपके हाथ में डंडा है, यह आपको शोभा नहीं देता । (व्यवधान)

श्री जैल सिंह : स्पीकर साहब, मैं बागड़ी साहब का मशकूर हूं। नम्रता से किसी के आगे भी मेरा सिर झुकता है मैं सब का दास हूं और नम्रता से सबको सेवा करता हूं। लेकिन स्पीकर साहब मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मेरी शराफत को मेरी कमजोरी न समझा जाए। मेरी शराफत को कमजोरी समझा गया, इसलिए मैं कहता हूं कि जिस तरह से मैं आपका लिहाज और इज्जत करके बोलता हूं, आप भी चलें। इस मामले में इतना तो साबित हो गया है कि—उस लड़की के कपड़े फाड़े गए। लेकिन किस ने फाड़े, उसको देखा है किसी ने फाड़ते हुए बेइज्जती की है, उसको देखा है, उसके साथ रेप हुआ या नहीं और अगर हुआ तो किस ने किया, क्यों हुआ कैसे हुआ, ये सारी बातें जानने के लिए हम और आप जज नहीं बन सकते हैं। आनरेबल मैम्बर, साहिबान ने जिस तरह से यहां कह दिया है उस तरह से मुझे नहीं कहना चाहिये क्यों कि जज प्रेजुडिस हो जाएगा और उसकी इनक्वायरी ठीक नहीं होगी। अगर गृह मंत्री ने पहले अपनी राय दे दी तो दुरुस्त नहीं होगा राज्य सभा में भी यही बात आई थी एक बर्जग नेता कहने लगे कि आपने स्टेटमेंट दिया, उस में कुछ भी नहीं है मैंने कहा कुछ होता तो मैं स्टेटमेंट देता ही नहीं। स्टेटमट में कुछ होना नहीं चाहिये ताकि जिस आदमी को फैसला करना है वह इंडिपेंडेंटली फैसला कर सके।

सारे हाउस से मैं प्रार्थना करता हूं, अदब से करता हूं कि एक स्टेट है, उसकी अपनी असैम्बली है उस में भी अपोजीशन पार्टीज हैं लोगों की वहां चुनी हुई सरकार

[श्री जैल सिंह]

है और यह चर्चा या बहस मुवाहिसा मेहरबानी करके उन पर छोड़िये : यह स्टेट सबजेक्ट है : राज्य सरकार इसको देखें । अगर कोई दुरुस्त बात वहां नहीं होती है तो फिर पार्लियामेंट का वक्त लेना चाहिये । वर्ना वे लोग भी लोगों के चुने हुए हैं, वे भी उन से पूछ सकते हैं। इतना मैं जरुर कहता हूं कि कि जो मैंने वहां की सरकार को राय दी उन्होंने कुछ मानी है और जो आपके जजबात हैं उनसे मैं वहां के मुख्य मंत्री को वाकिफ कर दूंगा। मैं आशा रखता हूं कि इस इनक्वायरी में आप सहयोग देंगे, कोआप्रेशन देंगे ताकि दोषी को सजा मिल सके ।

20.52 hrs.

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Saturday, July 5, 1980/Asadha 14, 1902 (Saka).*

MGIPND—M—1071 LS—9-9-1980—890